# दिल्ली पब्लिक स्कूल , जम्मू
## सत्र ( 2017–18 )
## अभ्यास पत्र

कक्षा – नवमीं

विषय – हिन्दी

निर्देश :

- **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **प्रश्नपत्र के चार खंड हैं प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।**
- **कृप्या सभी प्रश्नों के यथायोग्य उत्तर दीजिए।**
- **प्रश्नों के उत्तर देते हुए शब्दों की सीमा अनावश्यक मत बढ़ाएं।**

खण्ड–क

प्र1) नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

तानाशाह जनमानस के जागरण को कोई महत्व नहीं देता । उसका निर्माण ऊपर से चलता है, किन्तु यह लादा हुआ भार–स्वरुप निर्माण हो जाता है। सच्चा राष्ट्र–निर्माण वह है, जो जनमानस की तैयारी पर आधारित रहता हैं। योजनाएँ शासन और सत्ता बनाएँ , उन्हे कार्यरुप में परिणत भी करें ; किन्तु साथ ही उन्हें चिर– स्थायी बनाए रखने एवं पूर्णतया उद्देश्य– पूर्ति के लिए यह आवश्यक हैं कि जनमानस उन योजनाओं के लिए तैयार हो। स्पष्ट शब्दों में हम कह सकते है , कि सत्ता राष्ट्र–निर्माण रुपी फसल के लिए हल चलाने वाले किसान का कार्य तो कर सकती है , किन्तु उसे भूमि जनमानस को ही बनानी पड़ेगी। अन्यथा फसल या तो हवाई होगी या फिर गमलों की फसल होगी ; जैसा आज कल ' अधिक अन्न उपजाओ ' आन्दोलन के कर्णधार भारत के मंत्रिगण कराया करते है । इस फसल को किस–किस बुभुक्षित के सामने रखेगी शासन सत्ता ? यह प्रश्न मस्तिष्क में चक्कर ही काटा करता है । इस विवेचना से हमने राष्ट्र निर्माण में जनमानस की तैयारी का महत्व पहचान लिया है । यह जनमानस किस प्रकार तैयार होता है ? इस प्रश्न का उत्तर आपको समाचार–पत्र देगा । निर्माण–काल में यदि समाचार–पत्र सत्समालोचना से उतर कर ध्वंसात्मक हो गया तो निश्चित रुप से वह कर्तव्यच्युत हो जाता है , किन्तु सत्समालोचना के निर्माण के लिए उतनी ही आवश्यक है, जितना निर्माण का समर्थन । जनमानस को तैयार करने के लिए समाचार–पत्र किस नीति को अपनाएँ ? यह प्रश्न अपने में एक विवाद लिए हुए है ; क्योकि भिन्न–भिन्न समाचार–पत्र भिन्न–भिन्न नीतियों को उद्देश्य बनाकर प्रकाशित होते हैं । यहाँ तक की राष्ट्र–निर्माण की योजनाएँ भी उनके मस्तिष्क में भिन्न–भिन्न होती हैं। इसके लिए हमारा उत्तर यही हो सकता है कि समाचार–पत्र का मूल कार्य सत्यों को प्रकाशित करना है । इन सत्यों के प्रकाशन में किन्हें लिया जाए और किन्हें छोड़ा जाए , अवश्य पत्र की नीति पर निर्भर करता है , किन्तु इस नीति में राष्ट्रहित अवश्य होना चाहिए । यह राष्ट्रहित प्रगतिशील हो , प्रतिकियावादी नहीं , क्योंकि जिस प्रकार ईश्वर एक है ,उसी प्रकार सत्य भी एक ही है ।

1 तानाशाह क्या नहीं करता ?

2 शासन और सत्ता को लेखक ने क्या हिदायत दी है ?

3 समाचार–पत्र जनमानस किस प्रकार तैयार करता है ?

4 सभी समाचार–पत्र किन नीतियों को उद्देश्य बनाकर प्रकाशित होते हैं ?

5 समाचार–पत्र का मूल कार्य क्या होता है ?

प्र 2) नीचे दिए गए अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

जग में सचर –अचर जितने हैं , सारे कर्म निरत है ।<br>
धुन है एक–न–एक सभी को , सबके निश्चित व्रत है ।<br>
जीवन– भर आतप सह वसुधा पर छाया करता है ।<br>
तुच्छ पत्र की भी स्वकर्म में कैसी तत्परता है ।।<br>
रवि जग में शोभा सरसाता , सोम सुधा बरसाता ।<br>
सब हैं लगे कर्म में , कोई निष्क्रिय दृष्टि न आता ।<br>
है उद्देश्य नितांत तुच्छ तृण के भी लघु जीवन का ।

उसी पूर्ति में वह करता है अंत कर्ममय तन का ।
तुम मनुष्य हो , अमित बुद्धि–बल–विलसित जन्म तुम्हारा ।
क्या उद्देश्य– रहित हो जग मे , तुमने कभी विचारा ?
बुरा ना मानो , एक बार सोचो तुम अपने मन में ।
क्या कर्तव्य समाप्त कर लिया तुमने निज जीवन में ?
जिस पर गिरकर उदर– दरी से तुमने जन्म लिया है ।
जिसका खाकर अन्न , सुधा–सम नीर , समीर पिया है ।
वह स्नेह की मूर्ति दयामयि माता तुल्य नही है ।
उसके प्रति कर्तव्य तुम्हारा क्या कुछ शेष नही है ?

1) प्रकृति में जड़ वस्तुए भी कर्मरत है कवि किन उदाहरणों से स्पष्ट कर रहा हैं ?
2) कवि मनुष्य से क्या विचार करने को कह रहा है ?
3) कवि धरती माता के प्रति किस भावना को मन में उजागर कर रहे है ?

खण्ड ख

(व्यावहारिक व्याकरण)

3) क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए ;
क्षत्रिय , दुरुपयोग
ख) गगा– में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर मानक रुप लिखिए ।
ग) घुघरु– में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न का प्रयोग कर शब्द को दोबारा लिखिए ।
घ) कयामत– में उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए ।
4) क) निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए :
निः+चल , अनु +अय
ख) ) निम्नलिखित शब्दों में संधि –विच्छेद कीजिए :
लोकैषणा , उच्चारण
5) क) निम्नलिखित शब्दों में उपसर्गो और मूल शब्दों को अलग–अलग करके लिखिए :
पुनरुक्ति , उल्लंधन
ख) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय को अलग–अलग कीजिए :
भौगोलिक
ग) निम्नलिखिति वाक्यों में विराम–चिह्न लगाइए :
1) मिट्टी काली पीली लाल तरह तरह की होती है
2) काश तुम पहले मेरे पास आते
3) क्या आप भारत वापस लौटेंगे

खण्ड ग

(पाठ्य–पुस्तक)

6) पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
क) तुम कब जाओगे , अतिथि ' पाठ में लेखक ने यह क्यों कहा कि 'होम को स्वीट होम इसी कारण कहा गया है' ?
ख) लेखिका की सफलता पर कर्नल खुल्लर ने उसे किन शब्दों में बधाई दी ?
ग) लड़के की मृत्यु के दूसरे ही दिन बुढ़िया खरबूज़े बेचने क्यों चल पड़ी ?
7) रामन प्रभाव क्या है ? विज्ञान के क्षेत्र में इसका क्या प्रभाव पड़ा ? ' वैज्ञानिक चेतना के वाहक ' पाठ के आधार पर लिखिए ।
8) पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
क) नट किस कला में सिद्ध होने के कारण ऊपर चढ़ जाता है ? रहीम के दोहे के आधार पर लिखिए ।
ख) बीमारी के बाद सुखिया की चंचलता कहाँ खो गई ? ' एक फूल की चाह ' कविता के आधार पर लिखिए ।

ग) इस दुनिया में किस–किस तरह के आदमी हैं ? आदमीनामा ' के आधार पर लिखिए ।

9) कवि ने कविता में 'आदमी ' शब्द की पुनरावृत्ति किस उद्देश्य से की है ?

10) लेखक ने क्या काम किया जिससे वह एक भारी मुसीबत में फँस गया ? वह मुसीबत क्या थी ? 'स्मृति ' पाठ के आधार पर अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए ।

## खण्ड –घ

## (लेखन )

11) दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए ।

पर्यावरण पर प्लास्टिक के प्रभाव

- प्लास्टिक का रुप और प्रकार
- प्लास्टिक से हानियाँ
- प्लास्टिक से बचाव के उपाय

अथवा

पाश्चात्य संस्कृति और युवा

- संस्कृति का अर्थ
- पाश्चात्य संस्कृति का युवाओं पर प्रभाव
- आज का युवा और भारतीयता के प्रति दायित्व

12) विद्यालय में वृक्षारोपण समारोह का वर्णन करते हुए पिता जी को पत्र लिखिए ।

13) आए दिन आने वाले भूकंप से उत्पन्न संकट पर दो व्यक्तियों के बीच होने वाले संवाद को अपने शब्दों में लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

14) स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए ।

15) दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर लगभग 20 से 30 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए ।

